# अभ्यास टेस्ट पेपर कक्षा-5 (सप्ताह-7)

**प्रश्नों की कुल संख्या-30** **समय- लगभग 60 मिनट**

**विद्यार्थी का नाम-** .......................................................................... **शाला उपस्थिति पंजी क्र.-** ..............

**शाला का नाम-** .......................................................**वि.ख. -** ......................... **जिला-** ....................

## टेस्ट प्रशासनकर्ता के लिए निर्देश

**( टेस्ट प्रारंभ करने से पहले निर्देशों को ध्यान से पढ़ें )**

- **प्रथम व अंतिम पेज की सभी प्रविष्टियां अनिवार्यतः पूर्ण कराएं।**
- यह परीक्षण विद्यार्थी की जानकारी, समझ एवं परम्परागत प्रश्नों से हटकर नए पैटर्न के प्रश्नों आधारित टेस्ट के अभ्यास के अवसर देने के लिए है।

1. बच्चों को टेस्ट पेपर बाँटें।
2. बच्चों से कहें कि ''प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं, उनमें से केवल एक ही विकल्प सही उत्तर है।''
3. बच्चों को निर्देश दें कि ''प्रश्न को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से प्रश्न का उत्तर ढूँढ़ें।''
4. **सही उत्तर के विकल्प को अंतिम पेज पर दी गई तालिका में भरें।**
5. परीक्षण पुस्तिका में निम्नानुसार तीन विषयों के कुल 30 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।
   भाग-1 : हिन्दी प्रश्न 1-10
   भाग-2 : पर्यावरण अध्ययन प्रश्न 1-10
   भाग-3 : गणित प्रश्न 1-10

---

## भाग-1 : हिन्दी

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए -**

जंगल में एक चंदन का वृक्ष था। उसकी सुगंध से सारा जंगल सुगंधित रहता था। उसे अपने आप से संतोष नहीं था। वह अपने एकाकी जीवन से दुखी था।

एक दिन उसे पलाश से मित्रता करने का विचार आया। पास ही खड़े पलाश से कहा 'मुझे आपसे मित्रता करनी है।' पलाश ने कहा मुझे मंजूर है। फिर दोनों साथ साथ फलने-फूलने लगे।

एक दिन एक लकड़हारा पलाश की छाया में बैठ गया। पलाश ने पूछा 'क्यों भाई, तुम इस तरह उदास क्यों बैठे हो? तुम्हें कौन-सा दुख है?' लकड़हारा बोला 'भाई मैं सूखी लकड़ियाँ बेच कर जीवन निर्वाह करता हूँ। घूमते-घूमते दोपहर हो गई लेकिन अभी तक कोई सूखा पेड़ नहीं मिला, इसी कारण चिन्तित हूँ।'

पलाश ने कहा 'इसमें चिन्ता की क्या बात है?तुम मेरे हिस्से से कुछ टहनियाँ काट लो। रूको। लकड़हारे भाई, पलाश को छोड़ दो, तुम मेरे पेड़ की कुछ टहनियाँ काट लो चन्दन के पेड़ ने कहा। उनकी दोस्ती देखकर लकड़हारा चला गया।

प्र. 1 चंदन, पलाश से हमने सीखा –

(A) धोखा देना (B) आपसी प्रेम करना

(C) गुस्सा करना (D) हानि पहुँचाना

प्र. 2 सच्चे दोस्तों में होना चाहिए –

(A) बदले की भावना (B) धोखा देने की भावना

(C) लालच की भावना (D) त्याग की भावना

प्र. 3 'सुगन्ध' का विलोम शब्द बताइए –

(A) सुबास (B) खुश्बू

(C) दुर्गन्ध (D) महक

प्र. 4 'निर्वाह' शब्द का अर्थ बताइए –

(A) खर्च करना (B) बाँटना

(C) खरीदना (D) व्यतीत करना

प्र. 5 आपके अनुसार 'लकड़हारा' शब्द में प्रत्यय होगा –

(A) लकड़ (B) लक

(C) हारा (D) आरा

**निर्देश : निम्नलिखित सूचना को पढ़कर प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

**सूचना**

- पुस्तकालय कार्ड अपने साथ रखेंगे।
- सभी बच्चे कक्षावार कतार में जाएँगे।
- पुस्तकालय में शोर नहीं करेंगे।
- अपनी बारी का इंतजार करेंगे।
- पुस्तक मिलने पर शांति से बैठकर पढ़ेंगे।
- पुस्तक को सुरक्षित रखेंगे।
- समय समाप्त होने पर शिक्षक को पुस्तक वापिस कर कतार में ही लौटेंगे।

आदेशानुसार –प्रधानाध्यापक
शा.एकीकृत माध्यमिक विद्यालय

प्र. 6 पुस्तकालय में प्रवेश के लिए क्या आवश्यक है?

(A) पुस्तकें (B) शिक्षक

(C) पुस्तकालय कार्ड (D) सहपाठी

प्र. 7 पुस्तकालय के अंदर क्या आवश्यक है?

(A) शोरगुल (B) शांति एवं अनुशासन

(C) कुशासन (D) योगासन

प्र. 8 'पुस्तकालय' शब्द में मूल शब्द क्या है –

(A) आलय (B) पुस्त

(C) कालय (D) पुस्तक

प्र. 9 'सुरक्षित' शब्द का विलोम शब्द बनाने के लिए आप उसमें कौन–सा शब्दांश जोड़ेंगे?

(A) इत (B) अ

(C) आ (D) कु

प्र. 10 'पुस्तकालय में शोर नहीं करना चाहिए' वाक्य है?

(A) इच्छावाचक वाक्य (B) प्रश्नवाचक वाक्य

(C) नकारात्मक वाक्य (D) आज्ञावाचक वाक्य

## भाग–2 : पर्यावरण अध्ययन

**निर्देश : प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

प्र.1 आर्य को मिठाई बनाना है, इसके लिए शक्कर की ज्यादा मात्रा तथा चाशनी बनानी है, तब वह किस पानी में चाशनी बनाएगी –

(A) फ्रिज के ठंडे पानी में (B) गर्म पानी में

(C) मटके के साधारण पानी में (D) नल के पानी में

प्र.2 राम और श्याम मेले में गए वहां पर दोनों को भूख लगी, राम ने घर का बना सादा भोजन एवं श्याम ने मेले की चाट पकौड़ी पिज़्ज़ा बर्गर खाए, शाम को घर पहुंचने पर श्याम को ''खट्टी डकार, एसिडिटी'' हुई इसका मुख्य कारण है –

(A) सादा खाना (B) मीठा खाना

(C) घर का बना खाना (D) तला मिर्च मसालेदार खाना

प्र.3 मीना को अलग-अलग स्वाद की खाद्य वस्तुएं पसंद है, स्वाद के लिए –''चटपटा, मीठा, चिरपिरा, खट्टा के क्रम से उसने क्या खाया होगा ?

(A) चीकू, मिर्ची, इमली (B) केला, पपीता, बेर, सेबफल

(C) पानी-पूरी, चीकू, मिर्ची, इमली (D) मिर्च, सेब, टमाटर

प्र.4 नीचे खाली गिलास है – इसमें O.R.S का घोल बनाना है-तब किस समूह का उपयोग करेंगे?



(A) पानी-नमक (B) पानी-शहद

(C) पानी-नमक-शक्कर (D) पानी-नमक-धनियाँ

प्र.5 5 साल की रश्मि के हाथ, पैर पतले, पेट फूला हुआ है, बीमार रहती है, डॉक्टर उसे क्या खाने की सलाह देंगे ?

(A) केवल फल, सब्जियां (B) केवल रोटी, अनाज

(C) दूध एवं पतले खाद्य पदार्थ (D) पोषक तत्वों से युक्त खाना

प्र.6 कौन से समूह का खाद्य पदार्थ अधिक समय तक संरक्षित रहेगा ?

(A) रोटी – ब्रेड-टोस्ट (B) आम-अचार-पना

(C) उड़द-मूँग-पापड़-बड़ी (D) पना-छाछ-शरबत

प्र.7 सीमा ने सब्जी मंडी से समान आकार की 500-500 ग्राम सेब, पपीता, इमली, आम खरीदे तो बताइए संख्या में कौन अधिक होगा ?

(A) सेब (B) पपीता

(C) इमली (D) आम

प्र.8 रवि की मां ने ''मिठाई एयरटाइट'' डिब्बे में रखी एवं रवि ने ''मिठाई साधारण डिब्बे'' में रखी, परन्तु रवि ने दूसरे दिन देखा कि बहुत सारी चींटियाँ रवि के साधारण मिठाई के डिब्बे में एकत्र हो गई, इससे चीटियों की किस विशेषता का पता चलता है ?

(A) चींटियों की सूंघने की क्षमता तीव्र होती है।


(B) चींटियां अपना भोजन ले जा सकती हैं।

(C) चींटियों का रंग काला होता है।


(D) चींटियाँ बहुत छोटी होती हैं।

प्र.9 आज चांद  ऐसा दिखाई दे रहा है ' आज से 15 दिन बाद पूर्णमासी के दिन चांद कैसा दिखाई देगा ?

(A)  (B) 

(C)  (D) 

प्र. 10 एक कमरे में बेकरी उद्योग है। जिसमें बिस्किट, क्रीमरोल व पेटिस बनती है। इनको भट्टी में सेंका जाता है, इस स्थान पर गर्मी भी पैदा होती है, यह ''गर्म हवा'' किस संरचना से बाहर निकलेगी ?




(A) संरचना 'अ' से (B) संरचना 'ब' से

(C) संरचना 'स' से (D) संरचना 'द' से

## भाग-3 : गणित

**निर्देश : प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

प्र.1 0.9 सेमी. का मान क्या होगा?

(A) 9 सेमी. (B) $\frac{9}{10}$ सेमी.

(C) 9 मी. (D) $\frac{9}{100}$ मि.मी.


प्र.2 ककड़ी और गाजर का प्रति किलोग्राम मूल्य दिया गया है। इसके अनुसार $2\frac{1}{2}$ कि.ग्रा. ककड़ी और $1\frac{1}{2}$ कि.ग्रा. गाजर का कुल मूल्य क्या होगा?

ककड़ी ₹18 प्रति कि.ग्रा. । गाजर ₹13 प्रति कि.ग्रा.

(A) ₹45.00 (B) ₹55.50

(C) ₹59.60 (D) ₹64.50


प्र.3 छायांकित भाग का दशमलव में मान क्या होगा?



(A) 0.25 (B) 0.10

(C) 0.40 (D) 0.50


प्र.4 छायांकित भाग का दशमलव में मान क्या होगा?



(A) 0.1 (B) 0.2

(C) 0.5 (D) 0.4

प्र.5 दिए गए चित्र में छायांकित भाग, कौन-सी दशमलव संख्या दर्शाता है?



(A) 0.3 (B) 0.7



(C) 0.07 (D) 0.03



प्र.6 $\frac{2}{5}$ किलोमीटर की दूरी के बराबर दूरी कौन-सी है?

(A) 0.2 किलोमीटर (B) 10.0 किलोमीटर

(C) 0.4 किलोमीटर (D) 0.04 किलोमीटर

प्र.7 किस घड़ी में दो सुइयों के बीच बना कोण समकोण के बराबर है?

(A)  (B) 


(C)  (D) 

प्र.8 आपकी गणित की पुस्तक के मिलने वाले दो किनारे कौन सा कोण बनाते है?

(A) अधिक कोण (B) समकोण

(C) न्यूनकोण (D) रेखीय कोण

प्र.9






ऊपर दिए गए चित्र को देखो। इस चित्र में कोण बनाते दिख रही दो किरणों के बीच कौन सा कोण बनता दिख रहा है?


(A) अधिक कोण (B) न्यूनकोण


(C) समकोण (D) ऋजु कोण

प्र.10 नीचे बने चित्रों में कौन–सा कोण न्यूनकोण है?

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

## सही उत्तर अंकित करने हेतु तालिका ( कक्षा-5 सप्ताह-7 )

| हिन्दी | | पर्यावरण अध्ययन | | गणित | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) |
| 1. | | 1. | | 1. | |
| 2. | | 2. | | 2. | |
| 3. | | 3. | | 3. | |
| 4. | | 4. | | 4. | |
| 5. | | 5. | | 5. | |
| 6. | | 6. | | 6. | |
| 7. | | 7. | | 7. | |
| 8. | | 8. | | 8. | |
| 9. | | 9. | | 9. | |
| 10. | | 10. | | 10. | |

**शिक्षक हेतु निर्देश-**

- बच्चे द्वारा अंकित उत्तरों को संबंधित शिक्षक द्वारा जांचा जाए और निम्नांकित जानकारी भरी जाए। साथ ही निर्देशानुसार रिपोर्टिंग की जाए।
- प्रश्नों के मॉडल उत्तर प्रश्नबैंक में देखे जा सकते है।

**विषयवार सही उत्तरों की संख्या भरें ( 10 में से कितने उत्तर सही पाए? )**

| हिन्दी | पर्यावरण अध्ययन | गणित |
|---|---|---|
| | | |